।। श्री अग्रसेन जयते ।।

## महाराजा अग्रसेन धाम का मुखपत्र

त्रैमासिक संस्करण

# अग्रकिरण

गर्ग
गोयल
जिंदल
बंसल
मित्तल
मंगल
ऐरन
मधुकुल
कच्छल

तिंगल
बिंदल
तायल
सिंघल
नांगल
भंदल
धारण
कंसल
गोयन

April-June 2025

महाराजा अग्रसेन धाम में शीघ्र ही अग्रकुल देवी माँ लक्ष्मी का मंदिर अपने भव्य स्वरुप में साकार होने जा रहा है।

ऊँचाई से नज़र आने वाला महाराजा अग्रसेन धाम,
मानो धरती पर विराजमान एक दिव्य तीर्थस्थल हो।

# महाराजा अग्रसेन

महाराजा अग्रसेन जी भारतीय इतिहास के उन महान राजाओं में से एक हैं, जिन्होंने समाज में समानता, उद्यमशीलता और परोपकार की भावना को स्थापित किया। भगवान श्रीराम के वंशज में, उन्होंने लगभग 5300 वर्ष पूर्व अश्विन शुक्ल एकम को जन्म लिया था। हम प्रत्येक वर्ष इसी दिन उनका जन्मोत्सव मनाते हैं। महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवन में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए क्षत्रिय धर्म को त्याग दिया और वैश्य धर्म को अपनाया।

महाराजा अग्रसेन ने घोर तपस्या की, तब माता लक्ष्मी ने उन्हें दर्शन दिए और वरदान दिया कि उनकी संतानें समृद्ध और धन-धान्य से परिपूर्ण रहेंगी। इसी कारण, उन्होंने अपने राज्य में व्यापार और सेवा को प्राथमिकता दी और अपनी प्रजा को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने "एक ईंट, एक सिक्का" की नीति की शुरुआत की, जिसके तहत प्रत्येक नए परिवार को बसने के लिए एक ईंट घर बनाने के लिए और एक सिक्का व्यवसाय शुरू करने के लिए दिया जाता था। यह नीति उनके समाजवाद और परोपकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो आज भी अग्रवाल समाज की पहचान बनी हुई है।

महाराजा अग्रसेन केवल अग्रवाल समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने एक ऐसे समाज की नींव रखी जो समानता, भाईचारे और आर्थिक स्वतंत्रता पर आधारित था। आज भी उनके सिद्धांत शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार और समाज सेवा के क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करते हैं। उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि एक सशक्त समाज की नींव परोपकार, समानता और उद्यमशीलता पर आधारित होनी चाहिए। महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाएँ हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी कि हम भी समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्यरत रहें।

# परिचय

महाराजा अग्रसेन धाम पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के बागनान में स्थित है। यह धाम 300 बीघा भूमि पर निर्मित हो रहा है। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर हमने अग्रसेन धाम के निर्माण का संकल्प लिया। कर्मयोगी स्व. पुष्करलाल केडिया जी और समस्त कोलकाता के अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन धाम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महाराजा अग्रसेन जी समाज उत्थान के लिए प्रसिद्ध हैं, इसलिए अग्रसेन धाम का उद्देश्य भी समाज उत्थान ही है। इस धाम के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण, स्व-रोजगार और सांस्कृतिक सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। महाराजा अग्रसेन धाम न केवल लोगों के लिए एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह युवाओं और समाज के लिए एक नई प्रेरणा का केंद्र भी है।

महाराजा अग्रसेन अपने समय के एक आदर्श पुरुष और श्रेष्ठ राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने क्षत्रिय धर्म का त्याग कर वैश्य धर्म को अपनाया। वे न केवल अग्रवंश के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए भी प्रेरणा के स्रोत हैं। समाज का एक बड़ा वर्ग महाराजा अग्रसेन के इन स्वर्णिम आदर्शों से अनभिज्ञ है, इन्हीं विचारों ने हमें अग्रसेन धाम की स्थापना की प्रेरणा दी ताकि लोग अग्र संस्कृति को और अधिक गहराई से समझ सकें।

ज्ञात इतिहास में, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बाद, महाराजा अग्रसेन ने सुदृढ़ लोकतांत्रिक शासन, आदर्श परिवार व्यवस्था, समाजवाद की स्थापना, आत्मोन्नति के लिए अहिंसा, तथा सत्य और सौहार्द के साथ सुव्यवस्थित वैवाहिक जीवन की परंपरा शुरू की। उन्हीं परंपराओं और आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए, उनके वंशजों ने समाज उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए, जैसे कि विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल, पुस्तकालय, मंदिर और औषधालयों की स्थापना।

प्रवेश द्वार

**अग्रसेन महाराज की जय !**

**माननीय ट्रस्टियों, सहयोगियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों**

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि महाराजा अग्रसेन धाम के इस वर्ष का प्रथम संस्करण **"अग्रकिरण"** प्रकाशित किया था, जिसे आप सभी ने भरपूर स्नेह, प्रोत्साहन और सकारात्मक प्रतिक्रियाओं से सराहा। आपकी उसी आत्मीयता और प्रेरणा ने हमें यह नियमित त्रैमासिक प्रकाशन प्रारंभ करने के लिए उत्साहित किया। महाराजा अग्रसेन धाम पत्रिका का पहला त्रैमासिक (Quarterly) संस्करण – अप्रैल से जून 2025 के लिए – अब आपके समक्ष प्रस्तुत है।। यह केवल कुछ पृष्ठों का संकलन नहीं, बल्कि उन भावनाओं, सेवाओं और समर्पण की जीवंत झलक है, जो आप सभी के सहयोग से संभव हुई हैं।

पिछले तीन महीनों में, धाम ने चिकित्सा, दिव्यांग सेवा, और मनोविकास केंद्र के माध्यम से अनेक ज़िंदगियों को छूने का कार्य किया है। चाहे वह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर हो, दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण, या विशेष बच्चों के लिए थेरेपी सेशन – हर पहल ने समाज के भीतर सेवा और संवेदना को और गहरा किया है।

इस पत्रिका में आपको न केवल उन घटनाओं की झलक मिलेगी, बल्कि प्रेरणादायक लेख, समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों की कहानियाँ, और उन क्षणों का संकलन भी मिलेगा जिन्होंने हमारी यात्रा को विशेष बना दिया।

आपके निरंतर समर्थन, स्नेह और विश्वास के लिए हम हृदय से आभारी हैं। आइए, इस सेवा यात्रा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले चलें – साथ मिलकर, संगठित होकर।

**ओम जालान**
अध्यक्ष
महाराजा अग्रसेन धाम

**अग्रसेन महाराज की जय !**

**सभी को मेरा राम राम !**

महाराजा अग्रसेन धाम की त्रैमासिक पत्रिका आपके सामने प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है।

हमारे प्रथम अंक **"अग्रकिरण"** को जो उत्साहवर्धक प्रतिक्रियाएं, प्रेम और सहयोग मिला, उसने यह सिद्ध कर दिया कि हमारा समाज जागरुक है, सेवा के प्रति संवेदनशील है और अपनी विरासत से गहराई से जुड़ा हुआ है।

पिछले तीन महीनों में, धाम ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों को आगे बढ़ाया।

चाहे वह मेडिकल सेंटर द्वारा निरंतर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ हों, दिव्यांग सहायता केंद्र द्वारा कृत्रिम अंग वितरण हो, या फिर मनोविकास केंद्र में विशेष बच्चों के लिए समर्पित थेरेपी – हर पहल समाज के उत्थान और समावेशी विकास का प्रतीक बनी है।

हमारी वाटिका, कौशल विकास केंद्र, विवाह भवन, महालक्ष्मी मंदिर, गोशाला और आगामी वरिष्ठ नागरिक निकेत, प्राकृतिक चिकित्सालय, योग केंद्र, विद्यालय – यह सभी प्रकल्प सिर्फ संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि हमारी सेवा की चेतना और समर्पण का स्वरुप हैं।

मैं विशेष धन्यवाद देना चाहता हूँ हमारे अध्यक्ष श्री ओम जी जालान एवं कोषाध्यक्ष श्री श्याम सुंदर जी अग्रवाल का, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह सेवा यात्रा साकार रुप ले रही है। साथ ही, हमारे सभी ट्रस्टियों, सदस्यों और शुभचिंतकों को नमन करता हूँ, जो हर पड़ाव पर हमारे साथ मजबूती से खड़े हैं।

हम यह भी साझा करना चाहते हैं कि इस संस्करण के साथ हम और अधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। यदि आपके पास कोई लेख, विचार, संस्मरण, कविता या कोई सामाजिक उपलब्धि है, जो अग्रवाल समाज के हित में हो — तो कृपया हमें आगामी संस्करण हेतु भेजें। यह पत्रिका आपकी आवाज़, आपकी प्रेरणा और आपकी भागीदारी से ही समृद्ध होगी।

हम आपको सादर आमंत्रित करते हैं — आइए, महाराजा अग्रसेन धाम की सदस्यता लें और उस समाज सेवा की धारा से जुड़ें, जो हर जरुरतमंद को सशक्त बनाने का संकल्प लिए आगे बढ़ रही है।

आपके विचार, सुझाव और सहभागिता हमारे लिए मूल्यवान हैं। हमें विश्वास है कि यह पत्रिका आपके लिए जानकारीपूर्ण, प्रेरणादायक और आत्मीय अनुभव से भरपूर होगी।

आपके सहयोग और आशीर्वाद के लिए पुनः धन्यवाद

N. Saraf

**निर्मल सराफ**
प्रधान सचिव
महाराजा अग्रसेन धाम

**सच्चे नेतृत्व को शब्दों में सम्मान देना भी एक सेवा है।**
**यह पत्र रेखा गुप्ता जी के प्रति हमारी कृतज्ञता,**
**विश्वास और सहयोग की भावना का प्रतीक है।**

# महाराजा अग्रसेन धाम

(सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धा स्थल)

**Registered Address:** Om Tower, 32, Jawaharlal Nehru Road, 2nd Floor, Room No 202
Kolkata - 700 071, Mobile: +91 79801 09085, E-mail: maharajaagrasain@gmail.com
maharajaagrasaindham.com facebook.com/maharajaagrasain instagram/maharajaagrasaindham

दिनांक: 03 जुलाई 2025

**श्रीमती रेखा गुप्ता जी**
**माननीय मुख्यमंत्री - दिल्ली सरकार**
**नई दिल्ली**

**विषय: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम "महाराजा अग्रसेन जंक्शन" रखने हेतु आपके सहयोग के लिए आभार।**

**आदरणीया, रेखा गुप्ता जी**
सादर प्रणाम।

हम समस्त अग्रवाल समाज एवं महाराजा अग्रसेन धाम परिवार की ओर से आपको हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हैं कि आपने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से अनुरोध कर "पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन" का नाम "महाराजा अग्रसेन" के नाम पर रखने का जो ऐतिहासिक कदम उठाया वह आज साकार हुआ है। यह न केवल समाज के लिए गौरव का विषय है बल्कि भारत के सांस्कृतिक इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण पहचान स्थापित करता है।

महाराजा अग्रसेन जी त्याग, सहिष्णुता, समानता और उद्यमशीलता के प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने "एक ईंट, एक रुपया" की परंपरा शुरू कर समाज में सहयोग और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उनके सिद्धांत आज भी भारतीय समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनके नाम पर एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन का नामकरण न केवल हमारे पूर्वजों का सम्मान है बल्कि देश की युवा पीढ़ी को भी उनके आदर्शों से जोड़ने का कार्य करेगा।

हम महाराजा अग्रसेन धाम की ओर से एवं समस्त समाज की भावनाओं के साथ आपको पुनः इस ऐतिहासिक पहल के लिए सादर धन्यवाद एवं कृतज्ञता प्रकट करते हैं। भविष्य में भी आपके मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सादर,**
**महाराजा अग्रसेन धाम**

N. Saraf

**निर्मल सराफ - मंत्री**
**+91 98307 72312**

## Maharaja Agrasain Dham

Ghoraghata, P.O. Kantapakur, P.S.: Bagnan
Dist.: Howrah, Pin Code: 711 303, State : West Bengal
Ph.: 90512 46121, e-mail: maharajaagrasain@gmail.com

## TRUST BOARD MEMBERS

**Shri Om Jalan**
*Chairman*

**Shri Shyam Sundar Agarwal**
*Treasurer*

**Shri Nirmal Saraf**
*Secretary*

**Shri Murari Lal Diwan**
*Vice Chairman*

**Shri Bhagwan Das Agarwal**
*Joint Treasurer*

**Shri Deepak Kumar Agarwal**
*Joint Secretary*

**Shri Dinesh Adukia**
*Vice Chairman*

**Shri Anil Kedia**
*Joint Treasurer*

**Shri Ashok Kumar Churiwala**
*Joint Secretary*

**सफलता तब साथ चलती है, जब हम भी साथ चलते हैं।**

## LADIES WING

**Smt. Suman Jalan**
*President*

**Smt. Nirmala Agarwal**
*Treasurer*

**Smt. Sarita Saraf**
*Secretary*

**Smt. Sunita Adukia**
*Vice President*

**Smt. Mamta Kedia**
*Joint Treasurer*

**Smt. Prem Keyal**
*Joint Secretary*

**Smt. Swati Agarwal**
*Vice President*

**Smt. Sulekha Bagaria**
*Joint Treasurer*

**Smt. Bina Churiwala**
*Joint Secretary*

**Smt. Babita Diwan**
*Joint Secretary*

# महाराजा अग्रसेन धाम

## ( पंचांग : अप्रैल २०२५ - मार्च २०२६ )

### अप्रैल

- श्री पुष्कर लाल केडिया जी की श्रद्धांजलि (मंगलवार, 29 अप्रैल 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### मई

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### जून

- अग्रसेन मेधा सम्मान (रविवार, 22 जून 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

**मेगा मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप**

### जुलाई

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### अगस्त

- रुद्राभिषेक (रविवार, 03 अगस्त 2025)
- स्वतंत्रता दिवस (शुक्रवार, 15 अगस्त 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### सितंबर

- अग्रसेन जयंती (शनिवार, रविवार, सोमवार, 20, 21, 22 सितंबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

**मेगा मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप**

### अक्टूबर

- दीपावली मिलन समारोह (शनिवार, 25 अक्टूबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### नवंबर

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### दिसंबर

- पिकनिक (रविवार, 21 दिसंबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

**मेगा मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप**

### जनवरी

- गणतंत्र दिवस (सोमवार, 26 जनवरी 2026)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### फरवरी

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

### मार्च

- होली समारोह (रविवार, 1 मार्च 2026)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- 3 नेत्र ऑपरेशन
- 1 कृत्रिम अंग शिविर

**मेगा मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप**

**समय का सही उपयोग करने वाला ही सच्चा विजेता होता है।**

# महाराजा अग्रसेन धाम (Ladies Wing)

## ( पंचांग : अप्रैल २०२५ - मार्च २०२६ )

### अप्रैल

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
(द एटमॉस्फियर – 27 अप्रैल 2025)

### मई

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
(स्वस्तिक अपार्टमेंट – 18 मई 2025)

### जून

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
(मणिकला अपार्टमेंट - 14 जून 2025)

### जुलाई

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ
- सुरंगो सावन (सावन और तीज उत्सव) 23 जुलाई 2025

### अगस्त

- रुद्राभिषेक (रविवार, 03 अगस्त 2025)
- स्वतंत्रता दिवस (शुक्रवार, 15 अगस्त 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### सितंबर

- अग्रसेन जयंती (शनिवार, रविवार, सोमवार, 20, 21, 22 सितंबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### अक्टूबर

- डांडिया उत्सव (02/06 अक्टूबर 2025)
- दीपावली मिलन समारोह (शनिवार, 25 अक्टूबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### नवंबर

- एग्जीबिशन-Exhibition (रविवार, 16 नवंबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### दिसंबर

- पिकनिक (रविवार, 21 दिसंबर 2025)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### जनवरी

- गणतंत्र दिवस (सोमवार, 26 जनवरी 2026)
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### फरवरी

- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

### मार्च

- होली समारोह (रविवार, 1 मार्च 2026)
- सुरंगो सावन (सावन और तीज उत्सव) 25 मार्च 2026
- 1 लक्ष्मी मंगल पाठ

# महाराजा अग्रसेन मेडिकल सेंटर

**श्री श्याम सुन्दर जी अग्रवाल** द्वारा निर्मित, यह अस्पताल
जनसाधारण को निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहा है।

**हमारी सेवाएँ**

- ओपीडी सेवाएँ
- दंत चिकित्सा
- फिजियोथेरेपी
- होम्योपैथिक चिकित्सा
- गाइनाकोलॉजिस्ट परामर्श
- नेत्र जाँच, ऑपरेशन
- चश्मा वितरण
- सम्पूर्ण पैथोलॉजी
- एक्स रे
- ईसीजी जांच

अप्रैल 2022 से अब तक हमारे मेडिकल सेंटर के माध्यम से लगभग 75,000 मरीजों को निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं।
यह सेवा समाज के सभी वर्गों के स्वास्थ्य कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
हमारे केंद्र में विभिन्न विशेषताओं के डॉक्टर उपलब्ध हैं, और डायग्नोस्टिक एवं पैथोलॉजी विभाग में चिकित्सा परीक्षण भी किए जाते हैं।

**सेवा वही सच्ची है, जो बिना अपेक्षा के की जाए।**

महाराजा अग्रसेन धाम समाज सेवा और परोपकार की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, निरंतर निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविरों का आयोजन करता आ रहा है, जिससे ज़रूरतमंदों को नई दृष्टि और जीवन में नया उजाला मिल सके।

इस त्रैमासिक अवधि (अप्रैल-जून 2025) के दौरान, हमारी प्रतिबद्धता के अनुसार हमने सफलता पूर्वक तीन नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किए — जो क्रमशः हमारे 50वें, 51वें और 52वें शिविर रहे।

इन तीन शिविरों के माध्यम से लगभग 150 लाभार्थियों की सफल नेत्र सर्जरी की गई।

इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण, निःशुल्क चश्मों का वितरण और ज़रूरतमंदों को ऑपरेशन की सुविधा दी गई — ताकि हर व्यक्ति स्पष्ट दृष्टि के साथ एक आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सके।

हम उन सभी सहयोगियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं दानदाताओं का हृदय से धन्यवाद करते हैं, जिनके सहयोग से यह पहल हर बार सफल होती रही है।

## ओपीडी सेवाएँ

नेत्र परीक्षण

सम्पूर्ण पैथोलॉजी

डेंटल चेकअप

होम्योपैथिक चिकित्सा

# महाराजा अग्रसेन मनोविकास सेवा केंद्र

**श्री मुरारीलाल जी दीवान** द्वारा निर्मित यह केंद्र मानसिक रूप से पिछड़े बच्चों के उपचार, प्रशिक्षित शिक्षकों की देखरेख में निःशुल्क शिक्षा एवं सेवा प्रदान कर रहा है।

**हमारी सेवाएँ**

- स्पीच एवं लैंग्वेज थेरेपी
- स्पेशल एजुकेशन प्रोग्राम
- योगा एवं इंटरएक्टिव खेल
- सामाजिक और स्वयं सहायता प्रशिक्षण
- खेल थेरेपी
- वर्ताओ सुधार प्रोग्राम
- साइकेटिक असेसमेंट
- क्लिनिकल असेसमेंट
- एजुकेशनल,वोकेशनल एवं प्री वोकेशनल असेसमेंट
- जेनेटिक परीक्षण जटिल समस्याओं के लिए

यह पूरी व्यवस्था मनोविकास केंद्र की देखरेख में चल रही है। **मनोविकास केंद्र,** जो **1974** से स्थापित है, इसकी संस्थापक **डॉ. शारदा फतेहपुरिया** हैं।

हमारे केंद्र में प्रतिदिन लगभग 75 विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ थैरेपी और गायन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रयास विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को सशक्त बनाने और उनके समग्र विकास के लिए समर्पित है।

महाराजा अग्रसेन धाम के मनोविकास केंद्र में मानसिक रुप से विशेष बच्चों के लिए सेवा और संवेदना का समर्पित संगम देखने को मिलता है। इस केंद्र में ऐसे बच्चों के लिए निःशुल्क संपूर्ण शारीरिक परीक्षण, नियमित स्वास्थ्य मूल्यांकन, एवं व्यक्तिगत देखरेख की विशेष व्यवस्था की जाती है।

हमारा प्रयास सिर्फ उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, व्यवहार सुधार और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। हर बच्चे की क्षमता को समझते हुए, उसके अनुसार देखभाल की जाती है।

इसके अतिरिक्त, धाम द्वारा प्रत्येक वर्ष 1-2 पुनर्वास शिविरों का आयोजन किया जाता है, जहाँ अनुभवी चिकित्सकों, थैरेपिस्ट्स एवं विशेषज्ञों की टीम बच्चों और उनके परिजनों को उचित मार्गदर्शन, परामर्श और उपचार सेवाएँ प्रदान करती है।

मनोविकास केंद्र सिर्फ चिकित्सा का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा स्थान है जहाँ विशेष बच्चे स्नेह, सहारा और समर्पण के साथ एक नए जीवन की ओर अग्रसर होते हैं। इस तिमाही की सबसे उल्लेखनीय पहल के रुप में, **महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा 14 वर्ष और उससे अधिक आयु** के विशेष बच्चों के लिए **व्यावसायिक प्रशिक्षण (Vocational Training)** की शुरुआत मनोविकास केंद्र में की जा रही है।

**किसी की कमी उसकी पहचान नहीं होती – उसकी कोशिश और मुस्कान ही असली ताकत है।**

# महाराजा अग्रसेन दिव्यांग सेवा केंद्र

**श्री दीपक जी अग्रवाल** द्वारा निर्मित, यह केंद्र दिव्यांग जनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग (हाथ व पैर) प्रदान कर रहा है।

## हमारी सेवाएँ

- घुटनों का उपचार
- कृत्रिम अंग हाथ एवं पैर
- व्हीलचेयर
- कैलिपर (कृत्रिम सहायक उपकरण)

इसकी व्यवस्थाएँ **महावीर सेवा सदन** के सानिध्य में होती हैं।
इस नेक कार्य के प्रायोजक **श्री ओम जालान** हैं।

हमारे धाम से अब तक लगभग 2500 मरीजों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं हाथ और पैर प्रदान किए जा चुके हैं। यह सेवा दिव्यांग जनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और आशा लाने के उद्देश्य से निरंतर की जा रही है।

महाराजा अग्रसेन धाम स्थित दिव्यांग सेवा केंद्र में दूर-दराज से आने वाले जरूरतमंद दिव्यांगजन निःशुल्क जांच, परामर्श एवं कृत्रिम अंग हाथ और पैर) प्राप्त करते हैं। महाराजा अग्रसेन धाम स्थित दिव्यांग सेवा केंद्र बीते तीन महीनों में भी अपने संकल्प पर अडिग रहा — स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में दिव्यांगजनों का मार्ग प्रशस्त करना।

यह केवल एक सेवा नहीं — जीवन में नया संबल, नया आत्मविश्वास है। धाम परिसर में ही स्थित कृत्रिम अंग निर्माण इकाई में, हमारी विशेषज्ञ तकनीशियन टीम और अनुभवी डॉक्टर पूर्ण समर्पण के साथ काम कर रहे हैं, ताकि हर अंग की गुणवत्ता, स्थायित्व और उपयोगिता सर्वोत्तम हो।

हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है — जब कोई दिव्यांग व्यक्ति पहली बार बिना सहारे खड़ा होता है, या मुस्कराते हुए कहता है – **"अब मैं खुद चल सकता हूँ!"**

**चलना फिर से सीखना, मानो ज़िंदगी को दोबारा पा लेना।**

# महाराजा अग्रसेन वाटिका

**श्री निर्मल जी सराफ** द्वारा निर्मित, इस उद्यान में पिकनिक एवं सामाजिक कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं।



**The Place for Every Occasion!**

महाराजा अग्रसेन धाम के अंतर्गत निर्मित

# वाटिका - एक आदर्श पिकनिक स्पॉट

आपके अपने समाज के लिए एक अद्वितीय स्थान है, जहाँ सुविधा, सुकून और सेवा तीनों का मेल है।

**विस्तृत हरी-भरी वाटिका**
जहाँ बच्चे खेल सकते हैं और बड़े दिल खोलकर आराम कर सकते हैं।

**2 विशाल हॉल**
बैठकों, आयोजनों और ग्रुप गतिविधियों के लिए।

**8 सुसज्जित कमरे**
ठहरने और विश्राम के लिए।

**सुसज्जित रसोईघर**
स्वादिष्ट भोजन की तैयारी के लिए।

**टेबल और कुर्सियाँ**
आपके आयोजन को और सुविधाजनक बनाने के लिए।

**महाराजा अग्रसेन वाटिका – जहाँ प्रकृति, सुविधा और अपनापन सब मिलता है।**

**हर साल समाज के कई बड़े समूह यहाँ पिकनिक, सांस्कृतिक मिलन और पारिवारिक उत्सव मनाने आते हैं और इसे अविस्मरणीय बनाते हैं।**

यह सुविधा समाज के लिए न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध है — ताकि हर परिवार इसे आसानी से अपना सके।

आइए देखें उन सुनहरी झलकियों को, जब समाज के परिवारों ने अग्रसेन वाटिका में मिलकर पिकनिक का आनंद उठाया। हर साल यहाँ हंसी-खुशी, मेलजोल और मनोरंजन से भरे पलों ने इस जगह को और भी खास बना दिया है।

**महाराजा अग्रसेन वाटिका – जहाँ प्रकृति, सुविधा और अपनापन सब मिलता है।**

## हँसी बाँटो, यादें बनाओ

# महाराजा अग्रसेन कौशल विकास केन्द्र

**श्री श्याम सुंदर जी धानुका** द्वारा निर्मित यह केंद्र 2024 से प्रारंभ हो गया है।

कौशल ही सफलता की असली कुंजी है – जब हाथों को हुनर मिलता है, तो ज़िंदगी को दिशा मिलती है।

## "एक नज़र हमारे परिसर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर।"

शिक्षा से ज्ञान मिलता है, लेकिन कौशल से जीवन को दिशा मिलती है। जब दोनों साथ हों, तब ही सच्ची आत्मनिर्भरता सम्भव है।

समाज के युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु **Maharaja Agrasain – Mindmine College of Skill Education (MA–MCSE)** के साथ साझेदारी में

**COURSES AVAILABLE:**

### School of Paramedical Science

- Medical Lab Technology
- X-Ray & Radiology
- Optometry
- OT Technology
- Dialysis Technology
- Physiotherapy
- Patient Care Management

(Assistant Nursing / GDA / Public Health Care)

### School of Design Technology

- Fashion Designing
- Jewellery Designing
- Designing with DTP / AutoCAD

### School of Management Studies

- Retail Management
- Office & Accounts (Banking) Management
- Travel & Tourism Management
- Logistics & Supply Chain Management
- Hospital Management

### School of Professional Studies & IT

- Multimedia & Animation
- Office Automation & Web Designing
- Journalism & Mass Communication
- E-Commerce & Digital Marketing

**जो छात्र-छात्राएँ इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हैं या अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, वे नीचे दिए गए संपर्क माध्यमों से जुड़ सकते हैं। यह सभी के लिए खुला अवसर है।**

+91 7980109085 | agrasainmindminecollege@gmail.com

# अग्रकुल देवी महालक्ष्मी मंदिर

03 दिसंबर 2022 में भूमि पूजन संपन्न हुआ, निर्माण कार्य प्रारंभ।
इसका निर्माण पूरे समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

महालक्ष्मी जी को धन, ऐश्वर्य और समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। इस मंदिर का निर्माण समाज की इस भावना को दर्शाता है कि जब हम सब मिलकर भक्ति और सेवा में योगदान करते हैं, तो आस्था और संस्कार की धारा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचती है।

यह मंदिर आधुनिक वास्तुकला और पारंपरिक शैली का संगम होगा, जिसमें भक्तजन शांति, सकारात्मक ऊर्जा और दिव्यता का अनुभव करेंगे। यहाँ होने वाले धार्मिक आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को और अधिक जोड़ेंगे तथा सामूहिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

हम सभी से निवेदन है कि इस पवित्र निर्माण कार्य में अपनी भागीदारी निभाएँ और इस ऐतिहासिक पहल को सफल बनाने में योगदान करें।

महालक्ष्मी मंदिर केवल ईंट और पत्थरों से नहीं, बल्कि पूरे समाज की श्रद्धा और सहयोग से बनेगा।

# महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ नागरिक निकेत

03 दिसंबर 2022, भूमि पूजन संपन्न, निर्माण कार्य प्रारंभ |
**श्री भगवान दास जी अग्रवाल** द्वारा निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**जहाँ हर झुर्री में अनुभव है, हर मुस्कान में स्नेह — एक ऐसा घर,**
**जहाँ बुजुर्गों को मिलता है सम्मान, सेवा और अपनापन।**

# महाराजा अग्रसेन धाम की परियोजनाएं

## महाराजा अग्रसेन प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योग केंद्र

03 दिसंबर 2022, भूमि पूजन संपन्न, निर्माण कार्य प्रारंभ |
**श्री ओम जी जालान** द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

प्राकृतिक चिकित्सालय — जहाँ प्रकृति के स्पर्श से जागृत होता है आत्म-चिकित्सा का मार्ग और आरंभ होता है एक संतुलित, स्वस्थ जीवन।

# महाराजा अग्रसेन विद्यालय

03 दिसंबर 2022, भूमि पूजन संपन्न, निर्माण कार्य प्रारंभ |
**श्री दिनेश जी - विवेक जी अडुकिया** द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

**विद्यालय वह दीप है, जो ज्ञान के साथ संस्कारों की लौ भी जलाता है, और भविष्य को उजाला देता है।**

# महाराजा अग्रसेन गोशाला

03 दिसंबर 2022, भूमि पूजन संपन्न, निर्माण कार्य प्रारंभ |
**श्री बिनोद जी - श्याम जी अग्रवाल** द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

गौ सेवा – करुणा, संस्कार और संवेदना का प्रतीक, जो हमें मानवता से जोड़ता है।

# महाराजा अग्रसेन हवेली

समस्त **अग्रवाल समाज** द्वारा हवेली का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है, जो सेवा, संस्कृति और समरसता का प्रतीक बनेगा।

**एक ऐसा स्थान जहाँ अपनापन महसूस होता है,**
**और हर ठहराव एक मधुर स्मृति बन जाता है।**

# महाराजा अग्रसेन विवाह भवन

पवित्र रिश्तों की शुरुआत का आँगन, जहाँ
हर बंधन विश्वास और स्नेह से संवरता है।

# अष्टम् पुण्यतिथि पर परम श्रद्धेय पुष्करलाल जी केडिया को भावभीनी प्रणामांजलि - 29 अप्रैल 2025

श्री केडिया सभा में परम **श्रद्धेय पुष्करलाल जी केडिया** की अष्टम् पुण्यतिथि के पावन अवसर पर एक प्रणामांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में **बालव्यास श्रीकान्त जी शर्मा** के पावन सान्निध्य में आध्यात्मिक वातावरण में श्रद्धा, स्मृति और संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री श्रीकान्त जी ने अपने ओजस्वी प्रवचनों एवं मधुर भजन-कीर्तन के माध्यम से सभा को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पुष्करलाल जी केडिया को पथ-प्रदर्शक, कीर्ति-पुरुष, ऊर्जावान कर्मयोगी के रूप में सभी ने याद किया — जिन्होंने समाज सेवा, नैतिक मूल्यों और परिवार-संस्कारों की अमिट छाप सभी के हृदयों पर छोड़ी है। सभा में उपस्थित गणमान्यजनों, परिजनों एवं समाजबंधुओं ने श्रद्धेय जी के कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# अग्र मेधा सम्मान - कला मंदिर - 22 जून 2025

अग्र मेधा सम्मान, 22 जून 2025 को कला मंदिर के सभा गृह में किया गया, जहां समाज के Xवीं और XIIवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं, साथ ही UPSC, Medical, engineering, CA, CS, MBA,M.COM, MBBS आदि परीक्षाएं पास करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

यद्यपि यह आयोजन विशेष रूप से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए था, लेकिन हमें यह कहते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इसी दिन महाराजा अग्रसेन धाम की **प्रथम संस्करण "अग्रकिरण"** का वितरण और विमोचन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज के सभी वर्गों ने इस पत्रिका को अत्यंत सराहा और इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जो हमारे लिए गर्व का विषय है।

इस भव्य समारोह में बालव्यास श्रीकांत जी शर्मा के आशीर्वाद से बच्चों को अपार प्रेरणा मिली। साथ ही, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री बी.पी. गोपालिका (पूर्व मुख्य सचिव एवं वर्तमान में पश्चिम बंगाल के माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। इस वर्ष, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले **लगभग 500 विद्यार्थियों** को मंच पर सम्मानित किया गया। यह आयोजन समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

हर वर्ष की भांति, **महाराजा अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन**, लिलुआ की बालिकाओं ने अपनी भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में जीवंतता भर दी।

हम इस अवसर पर उन सभी व्यक्तियों, शिक्षकों, अभिभावकों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके समर्पण और सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से सफल हो सका।

अग्र मेधा
सम्मान 2025

**अग्र मेधा सम्मान – उत्कृष्टता को समर्पित एक साधना का सम्मान।**

अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन, लिलुआ की छात्राओं ने अपनी मनमोहक और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन जीत लिया।

## महालक्ष्मी मंगल पाठ – द एटमॉस्फियर – 27 अप्रैल 2025

27 अप्रैल 2025 को अग्रकुल देवी महालक्ष्मी जी का मंगल पाठ भव्य रुप से संपन्न हुआ।

**जहाँ संयम, सेवा और सत्कर्म हैं, वहाँ माँ लक्ष्मी का आशीर्वाद सदा बना रहता है।**

## महालक्ष्मी मंगल पाठ – स्वस्तिक अपार्टमेंट – 18 मई 2025

18 मई 2025 को अग्रकुल देवी महालक्ष्मी जी का मंगल पाठ भव्य रुप से संपन्न हुआ।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाईए,
भाव भक्ति से तुमको बुलाते हैं हम, अपने मन की व्यथा को सुनाते हैं हम,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
घर हमारे माँ इक बार आ जाइये, हम गरीबों की किस्मत बना जाइये,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
हमको संसार में है तेरा आसरा, डाल हम पर दया दृष्टि माता जरा,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
तेरी कृपा से किस्मत बदल जाएगी, जिंदगी की मुसीबत भी टल जाएगी,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
तू चमत्कार जब भी दिखाती है माँ, रंक को राजा पल में बनाती है माँ,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
मैया खुश होके जब भी तू वर देती है, राह मुश्किल को आसान कर देती है,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
तू कृपालु है कितनी है ममता भरी, राह की अड़चने मैया तूने हरी,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
दीन दुखियों को आँचल तले जब लिया, दुःख की रातों को तूने दीवाली किया,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइये,
जो भी दुखिया शरण में तेरी आ गया, सारे जीवन का तुझसे माँ सुख पा गया,
लक्ष्मी मैया मेरे घर में आ जाइये, हमको कष्टों से मुक्ति दिला जाइए।

## महालक्ष्मी मंगल पाठ – मणिकला अपार्टमेंट - 14 जून 2025

14 जून 2025 को अग्रकुल देवी महालक्ष्मी जी का मंगल पाठ भव्य रुप से संपन्न हुआ।

**माँ लक्ष्मी की कृपा केवल धन में नहीं, जीवन के हर उस क्षण में मिलती है जहाँ प्रेम, संतोष और सेवा हो।**

।। श्री अग्रसेन जयते ।।

# महाराजा अग्रसेन धाम

## सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धास्थल

## Our Key Facilities

मेडिकल सेंटर

मनोविकास सेवा केंद्र

दिव्यांग सेवा केंद्र

वाटिका

कौशल विकास केन्द्र

अग्रकुल देवी महालक्ष्मी मंदिर

वरिष्ठ नागरिक निकेत

प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योग केंद्र

विद्यालय

गोशाला

हवेली

विवाह भवन

## Benefits of Life Membership

- Enjoy lifetime benefits and privileges for a one-time contribution.
- Invitations to special events, priority bookings, and recognition in member circles.
- Be part of a mission that creates real impact across healthcare, education, environment, and tradition.
- Networking: Join a respected community of like-minded individuals, professionals, and philanthropists.
- Exclusive Perk: Life members enjoy an additional 10% discount on bookings.

*For more details please contact:*

**Mobile:** +91 79801 09085,
**E-mail**: maharajaagrasain@gmail.com

Or **Scan here** to fill the form

# सेवा का संकल्प – निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

महाराजा अग्रसेन धाम ने समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, पिछले तीन महीनों में लगातार निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर (फैंको) आयोजित किए। इन शिविरों ने न केवल अनेक ज़रूरतमंदों की दृष्टि बहाल की, बल्कि समाज में मानवीय संवेदना और सहयोग की मिसाल पेश की।

**50, 51 , 52** निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर (4 अप्रैल 2025, 4 मई 2025, 15 जून 2025 )

इन तीन शिविरों में लगभग **150 निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन** सफलतापूर्वक किए गए, जिससे अनेक परिवारों में खुशियाँ और उम्मीद की किरण लौटी।

# महाराजा अग्रसेन धाम में निर्माण कार्य की झलक

Column Shuttering Work at Old Age Home

Old Age Home Building Plumbing Work

Old Age Home Building Ground Floor Plaster Work

Public Toilet Brick Masonry Work

Boundary Wall Work in Progress

## समाचार पत्रों में महाराजा अग्रसेन धाम

**अग्रसेन धाम आर्य संस्कृति और महाराजा अग्रसेन की धरोहर का उत्सव मनाता है। अपनी जड़ों को समझकर हम अपनी पहचान और एकता को मजबूत करते हैं।**

॥ ॐ ॥

# आइए, समाज की सेवा में भागीदार बनें

## "हम सबका धाम — हमारा गर्व"

महाराजा अग्रसेन धाम न केवल एक भवन है, बल्कि अग्रवाल समाज की एकता, संस्कृति और सेवा भावना का प्रतीक है। इस धाम के सतत विकास में आपकी भागीदारी—चाहे समय से हो, सेवा से हो या सहयोग से—हमारे भविष्य की नींव को और मजबूत करती है।

- आप आजीवन सदस्य बन सकते हैं
- आप किसी सेवा कार्य में भाग ले सकते हैं
- आप किसी आयोजन या निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग देकर अपना योगदान दे सकते हैं

**यह एक अवसर है—समाज से जुड़ने का, योगदान देने का और नई पीढ़ी के लिए मिसाल बनने का।**

**सभी दानदाता को आयकर अधिनियम की धारा 80G के अंतर्गत छूट उपलब्ध है,**
**और**
**CSR के अंतर्गत कंपनियां भी सहयोग कर सकती हैं।**

## धाम का विकास, आपकी भागीदारी से और भी मजबूत होगा।

महाराजा अग्रसेन धाम में एक भव्य 'अग्रकुल महालक्ष्मी मंदिर' के निर्माण का शुभ कार्य प्रगति पर है। यह मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक गर्व, एकता और श्रद्धा का प्रतीक हैं — हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आध्यात्मिक धरोहर बनेगा।

**हम आपको ससम्मान आमंत्रित करते हैं — इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी दर्ज कराएं।**
**आपका सहयोग एक दान नहीं, एक धरोहर है...**

अधिक जानकारी हेतु हमसे संपर्क करें:

**+91 79801 09085 | maharajaagrasain@gmail.com**

**"आपकी श्रद्धा – आपकी पहचान – आपकी विरासत"**
**मिलकर रचें एक गौरवशाली इतिहास।**

# Coming Soon

**Taking another significant step in the field of education and social service, Maharaja Agrasain Dham is soon launching its UPSC Academy to inspire and empower youth towards nation-building.**

## MAHARAJA AGRASAIN UPSC ACADEMY

"**UPSC IS NOT TOUGH**
*it's just a filter for the determined*"

## TURNING ASPIRATIONS INTO REALITY

श्री अग्रसेन जयते

# महाराजा अग्रसेन धाम

## सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धास्थल

**आप सभी से निवेदन है कि महाराजा अग्रसेन धाम के आजीवन सदस्य बनें।**
**सदस्यता फॉर्म के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें और इस पवित्र धाम से जुड़ें।**


Maharaja Agrasain Dham

*Corresponding Address:*
Om Tower, 32, J L Nehru Road, Room No 202, Kolkata-700071
**Mobile:** +91 79801 09085, **E-mail**: maharajaagrasain@gmail.com


**Follow us on :**

youtube.com/@maharajaagrasaindham4562

facebook.com/maharajaagrasain

https://www.instagram.com/maharajaagrasaindham/

Website: www.maharajaagrasaindham.com


**संपादक और डिज़ाइनर** : शिल्पा अग्रवाल

**प्रकाशक:** श्री निर्मल सराफ (महाराजा अग्रसेन धाम की ओर से) || **मुद्रक:** दर्पण कॉन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड (श्री मुकेश गोयल)